# MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

**Cambridge International**

TERM END EXAM: II　　Subject: Hindi　　Date: 03.04.2024

Student’s Name: ________________________________ Roll No. _______ Grade: 8

Marks: 70　　Time: 120 minutes　　Invigilator’s Sign.

**प्रश्न 1. अ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(8)**

**(The extract is given on a separate paper)**

१) आदिवासी लोगों की कौन-सी कलाएँ देश की अमूल्य धरोहर हैं ?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

२) आदिवासी समाज के अन्यवर्गों की तुलना में कैसे हैं ?

______________________________________________________________

३) कभी -कभी इन आदिवासियों में कौन -सा भाव जन्म ले लेता है?

______________________________________________________________

४) आदिवासीयों की समस्या का क्या हल होना चाहिए?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

५) इन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिए कौन-से प्रयास करना अपेक्षित है?

______________________________________________________________

______________________________________________________________

______________________________________________________________

६) वह एक _____________समस्या है।

७) 'Culture' इस अंग्रेजी़ शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए। ___________________

८) वर्ण विच्छेद कीजिए -

भारतीय - ____________________________________________________________

**ब) निम्नलिखित अपठित आलेख के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(8)**

**(The extract is given on a separate paper)**

१) हिमालय कितने लोगों के लिए पानी का स्रोत है?

________________________________________

२) हर साल सैंकड़ों स्थानीय और विदेशी पर्वतारोही क्या कोशिश करते हैं?

________________________________________

३) 'Beauty' इस अंग्रेज़ी शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए। ____________________

४) बर्फ पिघलने से क्या हो रहा है?

________________________________________

५) एशियन ट्रेकिंग लिमिटेड क्या काम कर रहा है?

________________________________________

६) 'सफ़ाई' इस शब्द के लिए विलोम शब्द लिखिए। ______________________

७) संधी लिखिए।

हिम + आलय - ________________

८) वचन बदलिए।

समस्या - ________________

**क) उद्देश्य व विधेय अलग करके लिखिए।** **(2)**

१) ईश्वर सर्वशक्तीमान है।

उद्देश्य : ________________________________________

विधेय : ________________________________________

**ड) वाक्य में  प्रयोग कीजिए।** **(2)**

१) वेणू : ____________________

२) वाचालता : ____________________

**इ) कर्तुवाच्य को कर्मवाच्य में बदलकर लिखिए।** **(1)**

१) मीता रसगुल्ला खाती है । ____________________

**ई) सही / गलत लिखिए।** **(3)**

१)  छोटे जादूगर के पिता स्वतंत्रता सेनानी थे। __________

२)  बेगम हज़रत महल का बचपन का नाम मोहम्मदी  खानम था। __________

३) 'मेरा देश बड़ा  गर्वीला' कविता गोपाल सिंह 'नेपाली' ने लिखी है। __________

**प्रश्न २ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **(6)**

**(The extract is given on a separate paper)**

१)  कौन- से विकार मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते हैं  ?

____________________

____________________

२)  किसकी उपेक्षा नहीं   की जा सकती?

____________________

____________________

३)  कायदे -कानून क्यों  बनाए गए हैं?

____________________

____________________

४) 'Importance' इस अंग्रेज़ी शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए।

______________________________

५) भारतवर्ष ने किसे अधिक महत्व नहीं दिया है?

______________________________

______________________________

६) 'गंतव्य' इस शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए। ______________________________

**ब) प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई भी तीन)** **(3)**

१) महात्मा गाँधी और तिलक ने कैसे भारत का सपना देखा था? अपने शब्दों में लिखिए।

______________________________

______________________________

२)'मेरा देश बड़ा गर्विला' इस कविता के अंतर्गत किन दो बड़े त्योहारों का ज़िक्र किया गया है ?

______________________________

३) छोटे जादूगर ने लेखक को अपने माता -पिता के बारे में क्या बताया?

______________________________

______________________________

४) बेगम हज़रत महल को बेटे के जन्म पर नवाब ने क्या उपहार दिया?

______________________________

______________________________

**क) 'जीवी' प्रत्यय लगाकर कम से कम दो शब्द लिखिए।** **(2)**

______________________________ ______________________________

**ड) किसने किससे कहा?** **(2)**

१) "माँ ने कहा है कि आज तुरंत चले आना। "

______________________________

२) " अच्छा चलो, निशाना लगाया जाए। "

______________________________

**इ) ' पहली बोलती फिल्म- आलमआरा' पाठ के अनुसार निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।**

१) हिंदी सिनेमा की पहली मुख्य फिल्म कौन- सी है? **(5)**

अ) राजा हरिश्चंद्र ☐ ब) आलमआरा ☐

२) इन्हें हिंदी सिनेमा का जनक माना जाता है।

अ) अर्देशीर एम. ईरानी ☐ ब) दादासाहेब फालके ☐

३) 'आलमआरा' इस शीर्षक का अर्थ क्या है?

अ) विश्व की रोशनी ☐ ब) पत्थरों की कहानी ☐

४) अर्देशिर ने अपनी सफलता को देश के इतिहास में छोटासा योगदान कहा था।

अ) सही ☐ ब) गलत ☐

५) फकीर की भविष्यवाणी सुनकर किसे गुस्सा आया?

अ) दिलबहार ☐ ब) नवबहार ☐

**ई) निम्नलिखित शब्दों का उनके सही अर्थ से मिलान कीजिए।** **(4)**

| | |
|---|---|
| १) बाँदी | उत्तराधिकारी |
| २) ताजपोशी | पत्नी |
| ३) वारिस | दासी |
| ४) बेगम | राजतिलक |

**प्रश्न ३ अ) नीचे दिए गए वक्तव्य को पढ़िए तथा कोष्टक में सही (√) का निशान लगाकर बताइए कि कौन-सा अनुच्छेद किस वक्तव्य से संबंधित है। (8)**

**(The extract is given on a separate paper.)**

१) रघु आदित्य नामक व्यक्तीने दुकान के बारे में फेसबुक पर पोस्ट डाली है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

२) उत्तराखंड की एक दुकान आम होकर भी अपनी विशेषता की वजह से खास बन गई है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

३) वर्तमान में कंपनियाँ अपना प्रचार प्रसार करने के लिए अलग- अलग तरीके अपनाती हैं।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

४) दुकान का मालिक हमें एक बार अपने दुकान पर आने के लिए कहा रहा है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

५) इस दुकान की खासियत है कि यह हिंदुस्तान की अंतिम दुकान है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

६) बद्रीनाथ धाम यह गाँव से तीन किलोमीटर दूर है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

७) बद्रीनाथ के माणा गाँव मे हिंदुस्तान की अंतिम दुकान है।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

८) दुकान के नाम को अनोखा बनाने के लिए उसका नाम हिंदुस्तान की अंतिम दुकान रख दिया।

A ☐ B ☐ C ☐ D ☐

## व्याकरण विभाग

**ब) 'शेर बहुत खूँखार जानवर है'।यह वाक्य किस विशेषण का उदाहरण है? (1)**

१) गुणवाचक ☐ २) संख्यावाचक ☐

३)परिमाणवाचक ☐ ४) सार्वनामिक ☐

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ती उचित विशेषण शब्द से कीजिए।** **(3)**

१) ____________ जल लाओ। (थोडा-सा / सुंदर)

२) समारोह में ____________ लोग आए थे । (बहुत /प्रथम)

३) ____________ लड़की ने गाना गाया। ( गोल/ उस)

**ड) निम्नलिखित उदाहरण कौन- सा अलंकार है?** **(2)**

तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए ________________________________

**लेखन कौशल**

**इ) गरिमा ने अपनी सहेली नेहा के दूसरे शहर चले जाने के बाद अपनी डायरी लिखी उसने अपने डायरी में क्या लिखा?** **(5)**

**ई) आपकी पाठशाला में नाटक मंचन का आयोजन किया गया है। विद्यार्थीयों को सूचित करने के लिए २५ से ३० शब्दों में सूचना लिखिए।** **(5)**

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

**************************

**Extract (Grade 8)**

**प्रश्न 1. अ)**

आदिवासियों की समस्याओं का हल यही होना चाहिए कि उनकी विशिष्टता और विशिष्ट संस्कृती को संरक्षित करते हुए उनका भारतीय समाज और संस्कृति में एकीकरण किया जाए। इनका गायन, संगीत, नृत्य, लकड़ी पर नक्काशी के काम तथा ललित कलाएँ देश की अमूल्य धरोहर हैं, इस धरोहर की रक्षा और पुनरुद्धार के लिये सभी संभव प्रयास किए जाएँ, चूँकि ये लोग समाज के अन्य वर्गों की तुलना में बहुत पिछड़े, भोले और निष्कपट हैं, इसी स्थिति ने उनमें पृथकता के भाव को जन्म दिया है। कभी-कभी उनमें विद्रोह का भाव जन्म ले लेता है। पड़ोसी देश में उनकी स्थिति का लाभ उठाकर हमारे देश में अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं। वह एक मनोवैज्ञानिक समस्या है। आवश्यकता इस बात की है हर संगठन देश की मुख्य धारा में जोड़ने का ईमानदार प्रयास करें उनके लिए उचित मजदूरी, अनिवार्य शिक्षा, अच्छे मकान, बिजली तथा साहूकारों से आर्थिक शोषण से मुक्ति के लिए प्रयास अपेक्षित है।

विपक्ष : नहीं

विकास से कहीं- न -कहीं आदिवासियों की पारंपरिक संस्कृति को क्षति पहुँचती है। विकास संस्कृति के सीने पर बनी बस्तियों का ऐसा ढेर है, जिसके नीचे संस्कृति, सभ्यता और शुद्धता कहीं दब-सी जाती है। साथ- ही - साथ प्रकृति को भी हानि पहुँचती है। बूढ़े - बुजुर्गों की पहचान और उनकी प्रकृति के रंग, भेद, भूकंप और बारिश जैसी घटनाओं को पहचानने की कलाएँ भी नष्ट हो जाती है आदिवासी जहाँ प्रकृति के साथ रहने वाली जाती है और यह प्रकृति के हर रंग में ढल जाती है वही विकास की मुख्यधारा ने जिस और भी दौड़ लगाई है उस और पेड़- पौधे, वन और प्राकृतिक संपदा नष्ट हो गई और कंक्रीट के जंगलों ने स्थान बना लिया।

**प्रश्न 1. ब)**

हिमालय 140 करोड़ लोगों के लिए पानी का स्रोत है और हर साल सैंकड़ों स्थानीय और विदेशी पर्वतारोही हिमालय की सबसे ऊँची चोटी सागरमाथा यानी माउंट एवरेस्ट को फतह करने की कोशिश करते हैं । इसके अलावा हजा़रो पर्यटक भी हिमालय के सौंदर्य को नज़दीक से निहार ने के लिए जाते हैं । इस क्रम में वे बेस कैंप शेलेकर दुनिया की सबसे ऊँची पर्वत चोटी एवरेस्ट समुद्रतल से 8,848 मीटर काफ़ी कचरा फैला कर आते हैं।

इससे हिमालय के नाज़ुक ईको-सिस्टम पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बर्फ़ पिघलने से चोटियों पर दशको से दबी गंदगी अब दिखाई देने लगी हैं। अगर यही रफ़्तार जारी रही तो आने वाले कुछ दशकों में करोड़ों लोगों के सामने पानी से लेकर कई दूसरी गंभीर समस्या समस्याएँ पैदा हो जाएँगी। इस समस्या के गंभीर नतीजों को महसूस करते हुए एशियन ट्रेकिंग लिमिटेड पिछले पाँच सालों से बेस कैंप से लेकर एवरेस्ट तक फैली गंदगी को साफ़ करने के लिए विशेष अभियान दल 'इको-एवरेस्ट एक्सपेडिशन' भेज रहा है।

**प्रश्न 2. अ)**

भारतवर्ष ने कभी भी भौतिक वस्तुओं के संग्रह को बहुत अधिक महत्त्व नहीं दिया है। उसकी दृष्टि से मनुष्य के भितर जो महान आंतरिक तत्व स्थिर भाव से बैठा हुआ है, वही चरम और परम है। लोभ- मोह, काम-क्रोध, आदि विकार मनुष्य में स्वाभाविक रूप से विद्यमान रहते हैं, पर उन्हें प्रधान शक्ति मान लेना और अपने मन तथा बुद्धी को उन्हीं के इशारे पर छोड़ देना बहुत निकृष्ट आचरण है। भारतवर्ष कभी भी उन्हें उचित नहीं माना, उन्हें सदा संयम के बंधन से बाँधकर रखने का प्रयत्न किया है। परंतु भूख की उपेक्षा नहीं की जा सकती, बीमार के लिए दवा की उपेक्षा नहीं की जा सकती, गुमराह को ठीक रास्ते पर ले जाने के उपायों की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

हुआ यह है कि इस देश के कोटी- कोटी दरिद्जनों की हीन अवस्था को दूर करने के लिए अनेक कायदे- कानून बनाए गए हैं, जो कृषी, उद्योग, वाणिज्य, शिक्षा पर स्वास्थ्य की स्थिति को अधिक उन्नत और सुचारू बनाने के लक्ष्य से प्रेरित हैं, परंतु जिन लोगों को इन कार्यों में लगना है, उनका मन सब समय पवित्र नहीं होता। प्राय: लक्ष्य को भूल जाते हैं और अपनी ही सुख- सुविधा की और ज़्यादा ध्यान देने लगते हैं|

**प्रश्न 3. अ)**

A. कल्पना कीजिए देश में आखिरी दुकान बची हो। और वह आपको बेहद प्यार और विनम्रता से बुलाए तो.....।क्या आप वहाँ जाएँगे? उत्तराखंड में ऐसी ही एक दुकान है, जो आम होते हुए भी खास बन गई है।वजह जानना चाहेंगे।यह हिंदुस्तान की अंतिम दुकान है।

B. जहाँ आज कंपनियाँ अपना प्रचार - प्रसार करने के लिए नामी कलाकारों और सेलेब्स को ब्रांड ॲम्बेसिडर बनाते हैं।सामान्य - सा दुकानदार अपनी दुकान का नाम माँ - बाप या बच्चों के नाम रखता है, वहीं इस दुकान के मालिक ने अपनी दुकान को अनोखा बनाने के लिए इसे हिंदुस्तान की अंतिम दुकान बताया।

C. ' हिंदुस्तान की अंतिम दुकान। उत्तर -दक्षिण, पूरब -पश्चिम। सबने जाना, सबने माना। 1962 से कहलाया सच्चा हिंदुस्तानी कृपया इस हिंदुस्तानी भाई को एक बार सेवा का मौका ज़रूर दे। इस तस्वीर में दुकान के बोर्ड पर लिखी ये बातें बेहद रोचक लगती हैं। खास बात है कि यह माना पास से पहले देश का आखिरी गाँव पड़ता है। भारतीय - तिब्बत सीमा भी यहाँ से तकरीबन 24 किलोमीटर दूर है जब की बद्रीनाथ धाम इस गाँव से तीन किलोमीटर दूर है।

D. दरअसल, यह तस्वीर फेसबुक पर एक शख्स ने डाली है। नाम है रघु आदित्य। वह पेशे से पत्रकार हैं। अपने फेसबुक पोस्ट में उन्होंने लिखा,"भाई भूपेंद्र की यह देश की अंतिम दुकान है। बद्रीनाथ के माणा गाँव में है। वह हमेशा बुलाते रहते हैं, लेकिन संयोग नहीं बन पा रहा है। आप जाएँ तो ज़रूर पहुँचे।"

# MOUNT CARMEL INTERNATIONAL SCHOOL, AKOLA

**Cambridge International**

TERM END EXAM: II Subject: Hindi (Listening Skill) Date: 03.04.2024

Student's Name: ______________________________ Roll No. ______ Grade: 8

Marks: 10 Time Duration: 15 minutes Invigilator's Sign.

**श्रवण कौशल**

**प्रश्न १) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (10)**

१) परोपकार करते हुए मानव को भी _____________सहना पड़ता है।

२) कष्ट करने की बावजूद परोपकारी व्यक्ती एक अलग प्रकार का_____________महसूस करता है।

३) परोपकारी व्यक्ति की आत्मा कैसे होती है?

_______________________________________________________________

४) क्या परोपकार से व्यक्ति सबका प्रिय बन जाता है?

_______________________________________________________________

५) कुआँ, धर्मशाला इत्यादी बनवाने का कार्य कौन करता है?

_______________________________________________________________

*******************************